तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 20 नवंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4


एनएच ने शुरू किया गोपालपुर कटघोरा जर्जर सड़क के मरम्मत और चौड़ीकरण का काम

## खबर संक्षेप

### नोडल अधिकारी एवं ट्रस्टेड पर्सन नियुक्ति का संशोधित आदेश जारी

**कोरबा।** खरीफ विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु धान खरीदी के निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण हेतु धान खरीदी अवधि तक के लिए उपार्जन केन्द्रवार नोडल अधिकारी एवं ट्रस्टेड पर्सन नियुक्ति के संबंध में पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन किया गया है। संशोधित आदेश के अनुसार उपार्जन केन्द्र भैसमा हेतु खाद्य निरीक्षक उर्मिला गुप्ता, सुमेधा-खाद्य निरीक्षक संतोष कंवर, पाली-खाद्य निरीक्षक रवि कुमार राज, पठियापाली-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रजनीश सिंह, अखरापाली-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मुकेश कुमार लहरे, बक्साही-करारोपण अधिकारी पाली शिवपाल मरावी, पसान-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी दिपांशु गुप्ता, कुल्हरिया-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी नमस्कार नवरंग और उपार्जन केन्द्र मोरगा हेतु ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी राकेश कुमार यादव को नोडल अधिकार एवं ट्रस्टेड पर्सन नियुक्त किया गया है।

### बैंक एकाउंट एवं आधार सीडिंग हेतु अंतिम तिथि 31 दिसंबर तक

**कोरबा।** शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पोलिटेक्निक, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं डाईट आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों, जो राज्य शासन द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं तथा इन संस्थाओं के प्राचार्यों/संस्था प्रमुखों एवं छात्रवृत्ति प्रभारियों को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 बैंक एकाउंट एवं आधार सीडिंग संबंधी संशोधन की कार्यवाही वेबसाईट पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अंतर्गत भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा अंतिम तिथि निर्धारित कर दी गई है। शिक्षा सत्र वर्ष 2022-23 एवं वर्ष 2023-24 हेतु अंतिम तिथि 30 नवंबर और वर्ष 2024-25 हेतु अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है।

### आंगनबाड़ी पालना सहायिका हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कटघोरा अंतर्गत नगर पालिका दीपका के वार्ड क्र. 10 स्थित आंगनबाड़ी पालना केन्द्र दीपका क्रमांक 7 में आंगनबाड़ी पालना सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती हेतु 28 नवंबर से 12 दिसंबर तक आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र कार्यालयीन समय में 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक कार्यालय बाल विकास परियोजना कटघोरा में सीधे अथवा पंजीकृत/साधारण डाक के माध्यम से जमा किया जा सकता है। आवेदन पत्र का प्रारूप परियोजना कार्यालय कटघोरा के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कटघोरा में संपर्क किया जा सकता है।

# जेल में कैदियों को योग और मेडिटेशन का सिखाया जा रहा गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिला जेल में बंद कैदियों की मानसिक दशा दिशा सही बनी रहे और नशा से तौबा कर सके इसके लिए जिला जेल प्रबंधन ने जेल में बंद कैदियों को योग और मेडिटेशन की क्लाश शुरु की है ताकि जेल की चारी दीवारी में बंद कैदी इसे अपनाकर जेल से रिहा होकर अपना नया जीवन शुरु कर सके। जेल प्रबंधन ने सप्ताह में दो दिन योग और एक दिन मेडिटेशन क्लास शुरु की है।

उल्लेखनीय है कि औद्योगिक नगरीय होने की वजह से जिले में विभिन्न प्रांतों के लोगों का हमेशा आना जाना लगा रहता है। साथ ही औद्योगिक क्षेत्र होने की वजह से आपराधिक घटनाएं ज्यादा होती है। जेल में बंद कैदी पूर्व से ही नशे के आगोश में समाएं रहते हैं। जेल जाते ही उन्हें जेल के भीतर जब नशे का सामान नहीं मिलता है तो उन्हें खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है साथ ही जेल की चार दीवारी के भीतर बंद रहने से शारीरिक एक्टिवीटी भी नहीं हो पाती है और जिससे कैदी और तनाव में पहुंच जाते हैं। कैदियों को इसी तरह के तनावों से मुक्त करने, नशा से दूरी बनाने, क्रोध से मुक्ति के लिए जेलर अमितेश साहू द्वारा शरद ऋतु शुरु होते ही इन कैदियों को जेल के भीतर योग की पाठशाला लगाई जा रही है। कैदियों को सुबह विभिन्न प्रकार के योगासन के बारे में बताया जा रहा है और उन्हें इसका अभ्यास भी कराया जा रहा है। अभी सप्ताह में दो दिन योगाभ्यास कराया जा रहा है ताकि जेल के भीतर बंद कैदियों की शारीरिक एक्टिवीटी बनी ⏭ शेष पेज 3 पर

### सप्ताह में दो दिन ली जा रही है क्लास



### अपराध नियंत्रण में सकारात्मक सोच पर देंगे व्याख्यान

जेलर अमितेश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंटआबू राजस्थान से राजयोगी तपस्वी ब्रम्ह कुमार भगवान भाई जी कोरबा आ रहे हैं। जहां उनके द्वारा जेल में बंद कैदियों को 23 नवंबर को मेडिटेशन कराएंगे साथ ही उनके द्वारा तनावमुक्त, नशामुक्त, क्रोध मुक्त, व्यक्ति विकास, सकारात्मक जीवन शैली आदि विषय पर संबोधित भी करेंगे। खासतौर पर जेल में बंद कैदियों को अपराध नियंत्रण में सकारात्मक सोच की भूमिका पर अपना व्याख्यान देंगे।

## बर्खाश्तगी और एफआईआर की कार्यवाही का दिखा असर

# सहकारी समिति कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त, आज से संभालेंगे कामकाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते एक पखवाड़े तक सहकारी समिति कर्मचारियों की चल रही हड़ताल बुधवार को प्रशासन से हुई चर्चा के बाद कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लेते हुए धान खरीदी कार्य को सुचारु रुप से चलाने के लिए कलेक्टर को पत्र सौंपा। इससे पूर्व एडीएम के साथ हुई चर्चा के दौरान समिति प्रबंधकों के बर्खाश्तगी और एफआईआर को लेकर चर्चा हुई। जिस पर प्रशासन ने बर्खाश्तगी को शासन स्तर का निर्णय बताया। वहीं एफआईआर के मामले में विचार करने की बात कही।

**खास बात**

- बैठक में प्रशासन ने स्थानीय मांगों पर की चर्चा

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ के चार सूत्रीय मांगों को लेकर 3 नवंबर से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल का असर धान खरीदी प्रक्रिया पर पड़ने लगा था। राज्य सरकार ने एस्मा लगाते हुए धान खरीदी कार्य को शासकीय कार्य मानते हुए उसमें व्यवधान खड़ा करने सहित एस्मा के उल्लंघन के मामले में कर्मचारी संघ के जिला सचिव तुलेश्वर कौशिक व डाटा एंट्री ऑपरेटर संघ के अध्यक्ष को बर्खाश्त करने की कार्यवाही करते हुए 4 समिति प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। राज्य शासन के निर्देश पर हुई कार्यवाही को लेकर सहकारी समिति कर्मचारी संघ की जिला इकाई की बैठक आहूत की गई। जिसमें शासकीय कार्यवाही को लेकर गंभीरता से चर्चा हुई और अंततः हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया गया। वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन ने हड़ताल समाप्त करने को लेकर सहकार समिति कर्मचारी संघ के जिला इकाईयों के पदाधिकारियों को चर्चा के लिए बुलाया था। प्रशासन की ओर से वार्ता की शुरुआत करने की पहल को देखते हुए बुधवार की शाम कर्मचारी संघ के जिला पदाधिकारी एडीएम देवेंद्र पटेल के कक्ष में चर्चा हुई जिस पर हड़ताल स्थगित करने का निर्णय लेते हुए कलेक्टर श्री वसंत को संघ के पदाधिकारियों ने हड़ताल समाप्त करने का पत्र सौंपते हुए गुरुवार से सभी समितियों में कामकाज संभालने का निर्णय लिया।


कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हड़ताली कर्मचारी।

### बैठक में संघ ने रखी अपनी मांगें

एडीएम के साथ हुई चर्चा में कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने स्थानीय स्तर पर प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही से प्रभावित कर्मचारियों के मुद्दे को लेकर अपनी मांगें रखी जिसमें भैसमा समिति के बर्खाश्त प्रबंधक तुलेश्वर कौशिक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर संघ के बर्खाश्त जिला अध्यक्ष के बहाली की मांग प्रमुख रुप से शामिल थी। जिस पर अधिकारियों ने बर्खाश्तगी की कार्यवाही को शासन स्तर का निर्णय बताया। वहीं दूसरी मांगों में डाटा एंट्री ऑपरेटरों के एक समिति से दूसरे समिति स्थानांतरण को निरस्त करने पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने इसे भी शासन स्तर का निर्णय बताया। इसी तरह 4 समिति प्रबंधकों के खिलाफ हुई एफआईआर के मामले में प्रशासन ने विचार करने की बात कही।

### नए डाटा एंट्री ऑपरेटर पर गहराया संकट

डाटा एंट्री ऑपरेटरों के हड़ताल में जाने के कारण उनके स्थान पर शासन स्तर में प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से आउटसोर्सिंग में नए डाटा एंट्री ऑपरेटर भर्ती करने का निर्देश प्रशासन को दिया था। इस तारतम्य में जिला प्रशासन ने नए डाटा एंट्री ऑपरेटरों की भर्ती प्रक्रिया शुरु भी कर दी थी। कुछ समितियों में नए डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने कामकाज भी संभाल लिया था और उन्हें विभाग के तकनीकी कर्मचारियों के द्वारा प्रशिक्षित भी किया जा रहा था। अब हड़ताल समाप्त होने पर पुराने डाटा एंट्री ऑपरेटरों के वापस आने के बाद नए डाटा एंट्री ऑपरेटरों के मामले में संकट गहरा गया है।

# शासकीय भूमि पर कब्जा कर अवैध रुप से बनी फैक्ट्री सीलबंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला प्रशासन द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण एवं अवैध कब्जों को हटाने के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोरबा एवं तहसीलदार की टीम ने मसाहती ग्राम औराकछार एवं मोहनपुर की सीमा में स्थित शासकीय भूमि पर निर्मित एक फैक्ट्री को सीलबंद किया है। साथ ही संबंधित प्रकरण न्यायालय में दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

तहसील कोरबा के ग्राम औरांकछार, पटवारी हल्का नंबर 03 में खसरा नंबर 75/1, 75/2 एवं 81/1/क (रकबा 0.202, 0.210 एवं 0.129 हेक्टेयर) शासकीय भूमि को विक्रेता रामानंद यादव द्वारा क्रेता आमीर सोहेल को कब्जा प्रदान किया गया था। जांच में यह सामने आया कि विक्रेता ने अपने कब्जे की भूमि के बगल में मोहनपुर की भूमि (खसरा नंबर 10, रकबा 0.510 हेक्टेयर) जो कि वर्तमान में जस्टिन मिंज के नाम दर्ज है, जिसे उसने पूर्व में अपने परिचित के नाम पर सुम्मत कंवर से खरीदा था, से लगी लगभग 0.75 एकड़ शासकीय भूमि को भी कब्जे में बताकर बेच दिया। विक्रेता तथा आवेदक के पिता हेमंत शर्मा द्वारा उक्त शासकीय भूमि जो कि कोरबा सतरंगा मुख्य मार्ग में स्थित है को खसरा नंबर 75/1, 75/2 एवं 81/1/क बताते हुए क्रेता को गलत रूप से कब्जा प्रदान किया गया, जो स्पष्ट रूप से अवैध है। वास्तव में उक्त भूमि कोरबा-सतरेंगा मार्ग से लगी हुई ना होकर अंदर स्थित है। जांच उपरांत तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार की टीम ने मौके पर पहुंचकर उक्त शासकीय भूमि पर निर्मित फैक्ट्री को सीलबंद कर दिया। जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण पर इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# जिले में 36 करोड़ से जल आपूर्ति तंत्र होगा सुदृढ़ 57 हजार से अधिक आबादी को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में जिले में पेयजल सुविधाओं के विस्तार को नई गति मिल रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला खनिज संस्थान न्यास के अध्यक्ष अजीत वसंत ने नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने के लिए 36.74 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है।

स्वीकृति के बाद शहर में जल आपूर्ति तंत्र के उन्नयन, नई पाइपलाइन बिछाने, जल स्त्रोतों के विकास तथा आधुनिक तकनीक आधारित वितरण प्रणाली के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। इससे नगर निगम क्षेत्र के हजारों परिवारों को सुरक्षित एवं नियमित पेयजल उपलब्ध होगा। जल प्रदाय योजना विस्तार के अंतर्गत कोरबा में 20 एमएलडी क्षमता वाले जल उपचार संयंत्र की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही 30 बीएचपी के क्लीयर वॉटर पंप मशीनरी के 3 सेट, क्लीयर वॉटर पम्पिंग मेन पाइपलाइन (300–200 मिमी व्यास, 4680 मीटर), क्लीयर वॉटर ग्रैविटी मेन पाइपलाइन (500–200 मिमी व्यास, 10,470 मीटर) एवं 3 उच्च जलागार रुगमरा (1080 केएल) इमलीडूग्गू (1260 केएल) व दादर (2250 केएल) का निर्माण कार्य किया जाएगा। योजना पूर्ण होने पर कोरबा नगरीय क्षेत्र के मोतीसागर पारा, ईमलीडूग्गू, भिलाई खुर्द, दादर खुर्द, मानिकपुर, खरमोरा, पीएम आवास दादर, बेलगीरी बस्ती, रुमगरा, कोहडिया एवं प्रगतिनगर सहित विभिन्न वार्डों के लगभग 57 हजार 740 नागरिक प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे।

**खास बात**

- 20 एमएलडी जल उपचार संयंत्र सहित कई कार्य होंगे सम्पन्न

# रोजगार सहित अन्य मांगों को लेकर भूविस्थापित आज घेरेंगे एसईसीएल मुख्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ किसान सभा और भूविस्थापित रोजगार एकता संघ द्वारा एसईसीएल के कुसमुंडा, गेवरा, दीपका, कोरबा के खदानों से प्रभावित भूविस्थापित किसानों की अर्जन के बाद जन्म लेने वाले छोटे खातेदारों को रोजगार एवं लंबित रोजगार प्रकरणों का तत्काल निराकरण, बसावट, जरहाजेल की जमीन किसानों को वापस करने, आउट सोर्सिंग कार्यों में प्रभावित भूविस्थापित परिवारों को शत प्रतिशत रोजगार देने के साथ 11 सूत्रीय मांग को लेकर 20 नवंबर को एसईसीएल सीएमडी कार्यालय बिलासपुर का घेराव किया जाएगा।




प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए गांव में बैठक आयोजित की जा रही है, जिसे ग्रामीणों का व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा कि भूविस्थापित रोजगार के लंबित प्रकरणों का निराकरण की मांग करते हुए थक गए हैं। विकास के नाम पर अपनी गांव और जमीन से बेदखल कर दीये गए विस्थापित परिवारों की जीवन स्तर सुधरने के बजाय और भी बदतर हो गई है। अर्जन के बाद जन्म और छोटे खातेदारों के नाम पर हजारों विस्तपितो को खेती किसानी से अलग कर रोजगार से वंचित रखा गया है। विकास की जो नींव कोरबा में रखी गई है उसमें प्रभावित परिवारों की अनदेखी की गई है। भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के नेता दामोदर श्याम, रेशम यादव,सुमेन्द्र सिंह कंवर ठकराल,रघु यादव ने कहा कि भू विस्थापितों को बिना किसी शर्त के जमीन के बदले रोजगार देना होगा और वे अपने इस अधिकार के लिए अंतिम सांस तक लड़ेंगे और भू विस्थापित संघ से जुड़े भू विस्थापितों ने कहा कि सरकार को विस्थापितों को ऐसा जीवन प्रदान करना चाहिए जिससे उनको लगे की उन्होंने अपनी जमीन नहीं खोया है लेकिन सरकार गरीबों को जमीन पर लाकर खड़ा कर देती है। गरीबों के पास संघर्ष के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है।

## कोरबा वनमंडल के बालको व करतला रेंज में हाथियों के झुंड ने डाला डेरा

# दोंदरों और नोनबिर्रा में हाथियों ने मचाई तबाही, ग्रामीण हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के करतला व बालको वन परिक्षेत्र में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। बालको रेंज में आधा दर्जन से अधिक किसानों की फसलों को फिर से हाथियों ने चौपट कर दिया है तो वहीं दूसरी ओर पड़ोसी जिले से वापस आकर हाथियों ने बाड़ी में घुसकर जमकर तबाही मचायी है।


उल्लेखनीय है कि 12 हाथियों का झुंड पिछले तीन दिनों से कोरबा वन मंडल के बालको रेंज में डेरा डाले हुए हैं। मंगलवार की रात हाथियों का झुंड दोंदरों के डूमरपारा में जा धमके थे और आधा दर्जन किसानों की फसलों को



पैरों से रौंद दिया और कई किसानों के फसलों को चट कर दिये हैं। हाथी आने की वजह से पूरी रात दोंदरों व आसपास के गांव के रहने वाले लोग अपने गांव के बाहर अलाव जलाकर छतों के उपर रात गुजारने को मजबूर रहे। बताया जाता है कि देर रात को हाथियों का झुंड दोंदरों में उत्पात मचाने के बाद टापरा जंगल चला गया। जिसके उपरांत बुधवार की सुबह से देर शाम तक टापरा जंगल में ही डेरा जमाया हुआ है। वहीं जान माल की नुकसान को रोकने के लिए बालको वन परिक्षेत्र अधिकारी जयंत सरकार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में जमे हुए हैं और गांव गांव में मुनादी कर लोगों को सावधान कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर करतला रेंज में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। मंगलवार की रात हाथियों का झुंड पड़ोसी जिले सक्ती से वापस लौटने के बाद करतला रेंज के नोनबिर्रा बिट के बोड़ाझाप गांव में भारी उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने नबार्ड के बाड़ी में घुसकर दो ग्रामीणों के बोर पाईप को तोड़ दिया। इतना ही नहीं वहां अमरैय्या में लगे आम के पेड़ों को भी तहस नहस कर दिया तथा खेतों में पहुंचकर धान की फसल को बेहद नुकसान पहुंचाया है। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर रात में हाथियों द्वारा किये गए नुकसानी के आंकलन में जुट गए हैं। हाथियों का झुंड क्षेत्र में लगातार उत्पात मचा रहे हैं।

### दोनों वन मंडल में लगभग सौ हाथी डाले हुए हैं डेरा

जिले के कोरबा व कटघोरा वन मंडल में पिछले कई दिनों से लगभग सौ हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। 53 हाथियों का झुंड कटघोरा वन मंडल के विभिन्न परिक्षेत्रों में डेरा डाले हुए हैं तो वहीं दूसरी ओर लगभग 50 हाथियों का झुंड कोरबा वन मंडल के करतला, बालको रेंज में विचरण कर रहे हैं। हाथियों को इन दिनों खड़ी फसल जमकर रास आ रही है। इसलिए हाथियों का झुंड अभी लगातार इसी क्षेत्र में ही जमे हुए हैं। बताया जाता है कि धान की पकी हुई फसल हाथियों का पसंदीदा भोज्य पदार्थ है और अभी क्षेत्र में खड़ी फसल खेतों में तैयार है। प्रतिदिन दोनों वन मंडल में दर्जनों किसानों की खड़ी फसलों को चट कर रहे हैं।



## खबर संक्षेप



### बुजुर्ग पिता से मारपीट, दुकान में लगाई आग, दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शराब के लिए पैसा नहीं देने पर बुजुर्ग पिता से मारपीट कर किराना दुकान में लगाने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, जलसो निवासी लल्लू लाल श्रीवास्तव 78 साल का बेटा राजेश श्रीवास्तव शराब पीने का आदी है। 17 नवंबर को शाम 4 बजे घर आकर अपने पिता लल्लूलाल से पैसा मांगा, उन्होंने उसे 500 रुपए दे दिया। उसके बाद राजेश अपने दोस्त मुरली तिर्की के साथ घर आकर अपने पिता से फिर से शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा। मना करने पर बेटे ने पिता से मारपीट करने के बाद उनके किराना दुकान में आग लगा दी। पुलिस ने पिता की रिपोर्ट पर दोनों युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 119, 1, 326 जी, 296, 115, 2, 351, 2, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया। बुधवार को टीआई भावेश सेंडे ने स्टाफ के साथ दबिश देकर आरोपी राजेश श्रीवास्तव व मुरली तिर्की को गिरफ्तार कर लिया है।

### प्रोफेसर के सूने मकान से जेवर नकद ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** प्रोफेसर के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों की पतासाजी में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, अमेरी रोड सेंट फ्रासिंस स्कूल के पास कृष्णा पैलेस निवासी विष्णु कुमार वर्मा अकलतरा गर्वमेंट कालेज में प्रोफेसर हैं। 4 नवंबर को सुबह 8 बजे घर के दरवाजे में ताला लगाकर वे पत्नी मोनिका वर्मा के साथ बेटी के घर पुणे महाराष्ट्र चले गए थे। 19 नवंबर को रात 1 बजे वे वापस आए और मेन गेट का ताला खोलकर अंदर गए तो अंदर सामान अस्त व्यस्त पड़ा था व आलमारी खुली हुई थी। उसमें रखे चांदी की सिंदूरी डिब्बा, चार जोड़ी पायल, 50 हजार रुपए नकद गायब था। पीछे का दरवाजे का ताला तोड़कर उनके घर में चोरी की गई है। सूचना पर पुलिस उनके घर का मुआयना कर उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### लोहे का सरिया बेचने का झांसा देकर 1 लाख की आनलाइन ठगी

**बिलासपुर।** लोहे का सरिया बेचने का झांसा देकर 1 लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।पचपेड़ी पुलिस के अनुसार, पचपेड़ी निवासी टाइल्स दुकान के संचालक ईश्वर प्रसाद महिलांगे ने रिपोर्ट लिखाई। 29 अक्टूबर को उनके मोबाइल नम्बर पर अननोन नम्बर से फोन आया, फोन करने वाले ने अपना नाम जयप्रकाश लहरे बिलासपुर का ठेकेदार होना बताया। दोनों के बीच लोहे का सरिया बेचने का सौदा हुआ और उसने दूसरे दिन सरिया भेजने की बात कही। 30 अक्टूबर को उक्त मोबाइल धारक ने फोन कर बताया, ट्रैक्टर में सरिया उनकी दुकान में पहुंच गया है। उसके बाद उन्होंने उक्त मोबाइलधारक के बताए गए बैंक खाते में आनलाइन 1 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिया। उन्होंने ट्रैक्टर ड्राइवर से संपर्क किया तो उसने कहा ठेकेदार ने पेमेंट नहीं होने पर सरिया खाली करने से मना कर दिया और वह सरिया लेकर लौट गया। उन्होंने उक्त मोबाइलधारक से संपर्क करने की कोशिश की तो मोबाइल लगातार बंद आ रहा है। पुलिस ने अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## संगठनों ने किया सवाल

### शिक्षक स्कूल की पढ़ाई देखें या सरकारी कार्य

# पढ़ाना छोड़कर गुरुजी कर रहे दूसरे काम, 20 हजार शिक्षकों की कमी, सरकार 50 से ज्यादा गैर शैक्षिक कार्य करवा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिक्षक का काम पढ़ाना है, लेकिन आज उससे वही काम सबसे कम कराया जा रहा है। हाल यह है कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 20 हजार से अधिक शिक्षकों कमी बनी हुई है तो इधर जो शिक्षक हैं भी उनसे सरकार 50 से ज्यादा गैर शैक्षिक कार्य करवा रही है। वो भी तब जब शिक्षा का अधिकार कानून में साफ तौर पर इसकी मनाही है।

■ गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किया जाए, ताकि गुणवत्ता पर फोकस किया जा सके

गैर शैक्षिक कार्यों का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि प्रदेश में 30 हजार से ज्यादा शिक्षक तो बीएलओ कार्य से जुड़े हैं। इसके अलावा चुनाव, बाढ़ राहत से लेकर जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड सुधार, बीएलओ ड्यूटी, खेल महोत्सव, गिरदावली और स्वास्थ्य सर्वे तक,हर सरकारी जिम्मेदारी शिक्षक के सिर पर डाल दी जाती है। गौरतलब है कि आरटीई एक्ट 2009 की धारा 27 के अनुसार किसी भी शिक्षक को 10 वर्षीय जनगणना, आपदा राहत कार्यों, पंचायतीराज संस्थाओं, स्थानीय निकायों, विधान मण्डलों, विधान सभा और संसदीय चुनाव के अलावा कोई कार्य नहीं करवाया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट व शासन भी शिक्षकों को गैर शैक्षिक कार्य में नहीं लगाने के कई आदेश जारी कर चुके हैं। इसके बावजूद प्रदेश के शिक्षक गैर शैक्षिक कार्यों के लिए मजबूर हैं।

### कार्रवाई की दी जाती है चेतावनी

शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त ही नहीं किया जा रहा बल्कि मना करने पर सस्पेंड करने की धमकी दी जाती है। हालात यह हैं कि एक ही स्कूल में आधे शिक्षक बीएलओ ड्यूटी पर हैं, किताबें समय पर नहीं पहुंच रही हैं। पढ़ाई ठप है। शिक्षकों को पढ़ाने से ज्यादा ऐप और पोर्टल के जाल में उलझा दिया गया है। एसआईआर के तहत हजारों शिक्षकों को बीएलओ बनाया गया है, जिससे पढ़ाई पर सीधा असर पड़ रहा है।

### लगाई गुहार, हमें बच्चों को पढ़ाने दिया जाए

शिक्षकों के अनुसार ऐप आधारित कार्यों का इतना बोझ है कि वे क्लास में पढ़ाने की बजाय फोटो और वीडियो अपलोड करने में व्यस्त रहते हैं। यदि कोई शिक्षक क्लास में मोबाइल पर ये काम करता है, तो लोगों में गलत धारणा फैला दी जाती है कि वह पढ़ाई छोड़ मोबाइल चला रहा है। शिक्षकों ने यह भी कहा कि सरकार की नीति से यह साफ झलकता है कि बच्चों की पढ़ाई उसकी प्राथमिकता में नहीं है। शिक्षकों ने साफ कहा कि "हमें बच्चों को पढ़ाने दिया जाए, गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किया जाए, ताकि शिक्षा की गुणवत्ता पर फोकस किया जा सके।

### दबाव में हैं शिक्षक

इन कार्यों में लगने वाला समय कक्षा में उनकी उपलब्धता को प्रभावित करता है, जिससे परीक्षा परिणाम प्रभावित होते हैं। इसी के साथ ही पढ़ाई के साथ इन तमाम कार्यों के दबाव में वे मानसिक और शारीरिक रूप से टूट रहे हैं, जबकि परीक्षा परिणाम खराब होने पर उन्हें ही दोषी ठहराया जाता है। पदाधिकारियों के मुताबिक राज्य शासन जहां शिक्षा गुणवत्ता वर्ष मना रहा है, वहीं जिनके कंधों पर शिक्षा सुधार की जिम्मेदारी है, उन्हीं गुरुजियों से शिक्षा के अलावा दूसरे सारे काम कराए जा रहे हैं।

- **संजय शर्मा**, अध्यक्ष, शिक्षक संघ

### यह सब कार्य कर रहे हैं शिक्षक

- लोकसभा से लेकर निगम और पंचायत चुनाव तक में ड्यूटी
- बीएलओ व जनआधार पंजीकरण
- मतदाता जागरूकता
- माटी पूजन कार्यक्रम
- महतारी वंदन योजना
- राशन कार्ड में ड्यूटी
- ओबीसी सर्वेक्षण - जनगणना
- पशु गणना
- मकान गणना
- आधार अपडेशन
- साइकिल वितरण
- स्वच्छता अभियान
- पढ़ई तुंहर द्वार
- सुघर पढ़य्या
- मिड- डे मील
- छात्रवृत्ति योजना में ड्यूटी
- न्योता भोजन
- माताओं का उन्मुखीकरण सम्मेलन
- स्कूल जतन योजना
- वैक्सीनेशन ड्यूटी
- विभिन्न कार्यालयों में संलग्नता
- शौचालय सत्यापन ड्यूटी
- समस्या निवारण शिविर ड्यूटी
- हाउस होल्ड सर्वे ड्यूटी
- सामाजिक कुरीति जागरूकता
- बाल विवाह जागरुकता
- आयुष्मान कार्ड ड्यूटी

## कोहरे के कारण सारनाथ के पहिए रोकने का दे दिया आदेश

# तीन माह सारनाथ रद्द, 5 लाख से अधिक यात्रियों का सफर प्रभावित

रेल प्रशासन को दो माह पहले ही ठंड और कोहरे के कारण दुर्ग से छपरा के बीच चलने वाली अप-डाउन सारनाथ एक्सप्रेस ट्रेन के पहिए को तीन माह के लिए रोकने का आदेश जारी कर दिया है। रेलवे के आदेशानुसार सारनाथ एक्सप्रेस 1 दिसम्बर से 15 फरवरी तक अलग-अलग तिथियों में यानि 64 दिन तक रद्द की जाएगी, जिसके कारण छपरा से दुर्ग और दुर्ग से छपरा के बीच आने जाने वाले 5 लाख 76 हजार यात्रियों को सफर प्रभावित होगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दुर्ग से छपरा के बीच चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस एक ऐसी ट्रेन है, जो चार स्टेट छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश के साथ बिहार तक यात्रियों को सफर कराती है। प्रदेश के दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, उसलापुर के अलावा कोरबा, रायगढ़, मुंगेली सहित अन्य जिलों से बड़ी संख्या में लोग बिहार और उत्तरप्रदेश की ओर सारनाथ एक्सप्रेस में सफर करते हैं।

इसमें ज्यादातर संख्या अस्थि विसर्जन करने वाले लोगों की होती है, जो इलाहाबाद तक सफर करते हैं। यही ट्रेन पितृ पक्ष के समय इलाहाबाद के साथ बनारस और गया तक भी जाती है। यात्रियों की भीड़ के कारण सारनाथ एक्सप्रेस के जनरल कोच को छोड़कर स्लीपर और एसी कोच भी पूरे साल भर फुल रहते हैं, जिसमें कंफर्म टिकिट भी बड़ी मुश्किल से मिल पाती है। प्रदेश की महत्वपूर्ण ट्रेन दुर्ग से छपरा के बीच चलने वाली एक्सप्रेस वर्तमान में बिलासपुर के बजाय उसलापुर से डायवर्ट कर दी गई है। प्रतिवर्ष रेल प्रशासन ठंड और उत्तर भारत की ओर कोहरे की वजह से सारनाथ एक्सप्रेस के पहियों को तीन माह के लिए बंद करने का आदेश देती है। रेल अफसरों ने आगामी कोहरे को देखते हुए सारनाथ एक्सप्रेस के पहियों को 1 दिसम्बर से 15 फरवरी 2026 यानि तीन माह के लिए अलग-अलग दिनों में रोके जाने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।



### प्रतिदिन सफर करने वाले 72 सौ यात्री

आरक्षण कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश में सारनाथ एक ऐसी ट्रेन है, जिसमें सतना, मैहर के साथ इलाहाबाद, बनारस और गया की ओर यात्री सफर करते हैं। इस ट्रेन में दुर्ग के अलावा रायपुर, भाटापारा, उसलापुर सहित बिलासपुर, मुंगेली, रायगढ़, कोरबा व अन्य ऐसे जिले जहां ट्रेन का स्टापेज नहीं है। उन जिले से भी यात्री सफर करने के लिए पहुंचते हैं, क्योंकि इलाहाबाद से पहले नैनी के लिए सारनाथ एकमात्र ट्रेन की सुविधा उन्हें मिल जाती है। इसके अनुसार जनरल कोच, स्लीपर कोच और एसी कोच में करीब 72 सौ यात्री सफर करते हैं। इसी तरह छपरा से दुर्ग तक आने वाली सारनाथ की भी स्थिति है। इसकी वजह से ट्रेन में साल भर वेटिंग की स्थिति बनी रहती है।

### इस दिन रद्द रहेगी छपरा-दुर्ग सारनाथ

15159 छपरा से दुर्ग के बीच चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस को 1 दिसम्बर से 14 फरवरी तक अलग-अलग दिनों में रोकी जाएगी। इसमें 1, 3, 6, 8, 10, 13, 15, 17, 20, 24, 27, 29 एवं 31 दिसम्बर को, जनवरी माह में 3, 5, 7, 10, 12, 14, 17, 19, 21, 24, 26, 28, 31 को, फरवरी माह में 2, 4, 7, 9, 11, 14 तारीख को ट्रेन रद्द की जाएगी। इन तिथियों को छोड़कर सारनाथ अपने निर्धारित समय के अनुसार चलेगी।

### दुर्ग-छपरा सारनाथ 15 तक रद्द

छपरा से दुर्ग की तरह 15160 दुर्ग से उसलापुर होकर छपरा जाने वाली सारनाथ एक्सप्रेस को 2 दिसम्बर से 27 फरवरी तक रद्द किया गया है। इसमें 2, 4, 7, 9, 11, 14, 16, 18, 21, 23, 25, 28 एवं 30 दिसम्बर को, जनवरी माह में 1, 4, 6, 8, 11, 13, 15, 18, 20, 22, 25, 27 एवं 29 को, फरवरी माह में 1, 3, 5, 8, 10, 12, 15 तारीख शामिल है।

# तीन मंजिला व्यावसायिक भवन के निर्माण पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गंगाश्री टाकीज के पास भारतीय स्टेट बैंक के सामने बिना नक्सा पास कराए राजकमल छाबड़ा द्वारा तीन मंजिला व्यवसायिक भवन का निर्माण किया जा रहा था। लोगों की शिकायत और हरिभूमि द्वारा इस मामले को प्रमुखता से उठाने के बाद निगम की टीम मौके पर पहुंची और काम बंद करा दिया गया है। निगम ने अवैध निर्माण कर्ता से दस्तावेज मांगे हैं लेकिन इसे उपलब्ध नहीं कराया गया है। निगम ने तोड़फोड़ के साथ ही सामान जब्ती की चेतावनी दी है।

■ लोगों की शिकायत के बाद पहुंची निगम की टीम

गौरतलब है कि शहर बढ़ने के साथ ही अवैध निर्माण की भी बाढ़ सी आ गई है। हर तरफ बिना अनुमति या नक्शे के खिलाफ काम जारी है। इसी तरह गंगाश्री टाकीज के पास भारतीय स्टेट बैंक के सामने बिना नक्सा पास कराए राजकमल छाबड़ा द्वारा तीन मंजिला व्यवसायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसकी शिकायत क्षेत्र के लोगों ने निगम के साथ ही जोन आफिस से की है। क्षेत्र के सीएल सूर्यवंशी द्वारा की गई शिकायत में कहा गया है कि इस निर्माण के लिए टाउन कंट्री प्लैनिंग, पीडब्ल्यूडी, व नगर निगम से किसी प्रकार की अनुमति प्राप्त नहीं की गई है। साथ ही निगम के के इंजिनियर, जोन कमिश्नर और पटवारी पर मिलीभगत का भी आरोप लगाया गया है। शिकायत में सड़क में ट्रैफिक की समस्या की बात भी कही गई है। हरिभूमि ने मामले को उठाया तो बुधवार को निगम की टीम मौके पर पहुंची और सबसे पहले काम बंद कराया। इस दौरान निर्माण कर्ता द्वारा विरोध किया गया। निगम की टीम ने दस्तावेज मांगे तो उपलब्ध नहीं कराया गया। निगम ने तीन दिन का मौका दिया है। इसके बाद विधिवत कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।



### की गई है कार्रवाई

गंगाश्री टाकीज के पास राजकमल छाबड़ा द्वारा तीन मंजिला व्यवसायिक भवन का निर्माण किया जा रहा था। शिकायत के बाद निगम की टीम मौके पर पहुंची और काम बंद करा दिया गया है। निगम ने अवैध निर्माण कर्ता से दस्तावेज मांगे हैं लेकिन इसे उपलब्ध नहीं कराया गया है। निगम ने तोड़फोड़ के साथ ही सामान जब्ती की चेतावनी दी है।

- **अनुपम तिवारी**
भवन शाखा अधिकारी

### रसूखदारी ने रोकी पुराने बसस्टैंड की कार्रवाई

शिव टॉकीज चौक से पुराना बसस्टैंड के बीच में स्थित शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। यहां 40 फीट चौड़ी सड़क थी, लेकिन एक रसूखदार ने आधे हिस्से यानी 20 फीट पर कब्जा कर वहां किचन का निर्माण करा लिया है। आसपास के लोगों ने निगम प्रशासन से शिकायत करते हुए अवैध निर्माण को तत्काल हटाने की मांग की है। निगम की ओर से तीन बार नोटिस जारी कर दस्तावेज मांगा गया लेकिन अवैध कब्जाधारी ने जवाब तक नहीं दिया। निगम ने तहसीलदार को सीमांकन के लिए पत्र लिखा है। सीमांकन के बाद इस मामले में तोड़फोड़ की बात कही जा रही है। बुधवार को निगम की टीम यहां भी पहुंची लेकिन एक बार फिर रसूखदारी ने कार्रवाई रुकवा दी।

# टीआई की कार से टकराई बाइक, महिला घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अमेरी चौक पर टीआई की कार से बाइक की टक्कर हो गई, उक्त बाइक एक महिला से टकरा गई, जिससे महिला घायल हो गई।

बुधवार को दोपहर में अमेरी रेलवे फाटक के पहले तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 10 बीएन, 9904 के चालक ने एक बाइक व एक महिला को टक्कर मार दी। लोगों ने दौड़ाकर कार को रोका तो पता चला कि कार एक वर्दीधारी चला रहे थे, उन्हें देखकर भीड़ शांत पड़ गई। लोगों के कहने पर उक्त वर्दीधारी ने घायलों को अपनी गाड़ी से नेहरू नगर एक निजी अस्पताल में छोड़ा। घायल महिला का नाम संतोषी श्रीवास, युवक का नाम मुकेश त्रिपाठी बताया जा रहा है। घायल महिला के परिजन ने बताया, कार चालक का नाम टीआई अनिल अग्रवाल था। घटना की रिपोर्ट नहीं लिखाई गई है।



चौराहे पर हुई टक्कर के बाद घायल हुई महिला।

### टीआई का फोन आया था

टीआई अनिल अग्रवाल ने फोन कर बताया है कि वे ड्यूटी में जा रहे थे। उनकी कार से बाइक सवार युवक टकरा गया और बाइक की टक्कर से एक महिला घायल हो गई है। कोई भी पीड़ित रिपोर्ट लिखाने थाने नहीं आया है।

-**एसआर साहू** सिविल लाइन टीआई

### डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

**बिलासपुर।** डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिविल लाइन थाना के एसआई अमृत साहू ने बताया, सिरगिट्टी नवापारा निवासी प्रिंस बंजारे पिता द्वारिका बंजारे 21 साल एक अन्य साथी के साथ मंगलवार की रात 12.30 बजे उसलापुर रेलवे स्टेशन से बाइक से लौट रहे थे। इसी दौरान स्टेशन रोड में तेज रफ्तार से डिवाइडर से टकरा गए। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट आई। सूचना पर पुलिस उन्हें इलाज के लिए अस्पताल लेकर गई। डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है।

# बड़े भाई पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** फोन कर बड़े भाई को बुलाकर छोटे भाई ने चाकू से जान लेवा हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। बेलगहना पुलिस के अनुसार, दारसागर निवासी मो. यासिन अंसारी ने रिपोर्ट लिखाई। 15 नवंबर को रात 9 बजे उनको छोटे भाई साहिल अंसारी ने फोन कर पुराना तहसील चौक के पास मिलने बुलाया। वे मिलने के लिए गए तो साहिल अंसारी ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए चाकू से जान लेवा हमला कर दिया। परिजन के द्वारा उन्हें इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। छुट्टी होने के बाद वह रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर छोटे भाई साहिल अंसारी के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, 1, 296, 351,, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## एक ही रात तीन दुकानों में चोरों ने बोला धावा, सामान समेत नकदी पार

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत बिर्रा के बस स्टैण्ड में एक ही रात तीन दुकानों में चोरों ने धावा बोलकर नगदी सहित हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी एवं उनकी टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बिर्रा थाना के ग्राम पंचायत बिर्रा में एक ही रात में तीन दुकानों में चोरी से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गया है। 18 नवंबर मंगलवार की रात्रि लगभग 1 बजे चोर ने तीन जगह में लगभग 40 हजार रुपए और सामान चोरी कर लिया है। घटना बिर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के बस स्टैंड चौक की है। जिसकी सूचना पाकर पुलिस थाना बिर्रा के थाना प्रभारी एवं निरीक्षक अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस चोर को पकड़ने के लिए



सीसीटीवी कैमरा फुटेज खंगाल रही है। बस स्टैण्ड चौंक बिर्रा में रोज की तरह श्री राधे कलेक्शन की दूकान विगत कई वर्षों से संचालित हो रहा है तथा हर रोज की तरह रात को करीब आठ बजे दूकान को बढ़ाकर अपने घर भाटापारा बिर्रा चला गया। दुकानदार रोशन देवांगन भोजन खाने के बाद अपने कमरा में सो गया। इनके दूकान के पीछे छत पर टीन को काटकर चोर ने अंदर में दाखिल दिया और सबसे पहले आराम से स्वेटर को बदलकर साथ में चोर ने स्वेटर भी पार किया और चोर ने अपने पुराने शर्ट पेंट को बदलकर नया कपड़ा पहनकर चला गया।

## अस्पताल के अंदर घुसकर मारपीट करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**नवागढ़।** अस्पताल अंदर घुसकर मारपीट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला नवागढ़ थाना का है।

इस संबंध में नवागढ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिक राठौर के द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 18 नवंबर की दोपहर 2:30 बजे अस्पताल में बैठकर टीवी की मरीज का सैंपल को जिला अस्पताल जांजगीर ले जाने के लिए पैकिंग कर रहा था तभी ग्राम महंत निवासी ज्वाला सिंह आरोग्य अस्पताल महंत के अंदर घुसकर रिपोर्ट करने की बात को लेकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। बीच बचाव करने अस्पताल के अन्य स्टाफ आए तो उनको भी जान से मारने की धमकी दे रहा था और प्रार्थी के मोबाइल को हाथ से छीन कर जमीन पर पटक दिया है जिससे मोबाइल टूट गया है और मारपीट करने से चोट लगा है। सूचना पर आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी नवागढ़ निरीक्षक कमलेश शेन्डे के नेतृत्व तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी ज्वाला सिंह को जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# फाइनेंस की गाड़ी को बेचा, कंपनी के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

परिवाद पर फाइनेंस की गाड़ी को सीज कर बेचने के मामले में पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

तारबाहर थाना के एसआई रामनरेश यादव ने बताया, मुढ़ीपार लोहारपारा वार्ड क्रमांक 4 निवासी नरेन्द्र कुमार रात्रे पिता घनश्याम प्रसाद रात्रे 41 साल ने 10 फरवरी 2016 को आयशर क्रमांक सीजी 10 एबी, 2169 कीमत 15 लाख 7 हजार 680 को 3 लाख 21 हजार 388 रुपए डाउन पेमेंट कर शेष राशि 12 लाख 50 हजार रुपए व्यापार विहार शाखा बैंक इण्डसण्ड फाईनेंस कंपनी से फायनेंस कराया था। जिसकी मासिक किश्त 33 हजार 100 थी। उनके द्वारा किश्त की राशि चेक व नकद के माध्यम से समयावधि में जमा की जा रही थी। 3 फरवरी 2017 को धरसींवा चौकी सिलयारी पुलिस ने उक्त वाहन को जब्त कर लिया था। उसके बाद भी उन्होंने किस्त की राशि 50 हजार रुपए भुगतान किया।

■ वाहन सीज कर ले गए और बिना जानकारी के उक्त वाहन को दूसरे को बेच दिया

उसके बाद वे किश्त की राशि नहीं पटा पा रहे थे। 6 जुलाई 2020 को उन्होंने उक्त वाहन कोर्ट से आदेश पर सुपुर्दनामा लिया।

फाइनेंस कंपनी के द्वारा उनके खिलाफ धारा 138 के तहत मामला करने पर वे 5 - 5 हजार का भुगतान करते आ रहे थे। 16 दिसंबर 2023 को उक्त मामला नेशनल अदालत में राजीनामा हो गया था। उक्त वाहन उनके घर में खड़ा था। शाखा प्रबंधक के निर्देशानुसार वीरबहादुर राय व एक अन्य 21 अक्टूबर 2021 को उक्त वाहन सीज कर ले गए और उन्हें बिना जानकारी के उक्त वाहन को दूसरे को बेच दिया। पुलिस ने परिवाद के आधार पर शाखा प्रबंधक इण्डसण्ड बैंक फाइनेंस कंपनी व अन्य के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप



### मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पार्किंग में फंसा मुक्तांजलि वाहन

**कोरबा।** जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पार्किंग अव्यवस्था के कारण मुक्तांजलि वाहन घंटों फंसी रही। इस लापरवाही के चलते दो शवों को ले जाने के लिए परिजन इंतजार करते रहे। मुक्तांजलि वाहन के चालक रामेश्वर दास ने बताया कि उन्होंने अपनी गाड़ी निर्धारित स्थान पर खड़ी की थी। अस्पताल के अंदर जाने के बाद जब वे लौटे, तो देखा कि उनकी गाड़ी के सामने दो कारें और अन्य वाहन खड़े थे, जिनके चालक वहां से चले गए थे। चालक ने बताया कि शव कक्ष में दो शव रखे हुए हैं, जिन्हें तुलसी नगर और कटघोरा क्षेत्र में पहुंचाना है। वाहन फंसने के कारण उन्हें कंपनी और पीड़ित परिवारों से नाराजगी झेलनी पड़ती है।

### कल्चुरी पब्लिक स्कूल में मनाया गया लक्ष्मीबाई जयंती



**गेवरा दीपका।** कल्चुरी पब्लिक इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल झाबर दीपका में बुधवार को झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक भौनेन्द्र कुमार डहरवाल एवं संचालिका रीता डहरवाल एवं प्राचार्या प्रतिभा यादव के द्वारा रानी लक्ष्मीबाई के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर रानी लक्ष्मीबाई की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। कक्षा आठवीं की छात्रा रुचि पुलस्त ने रानी लक्ष्मीबाई की भूमिका निभाई और यशुराज साहु, दीक्षा बरैठ ने भी उनकी जीवनी बता कर खूब लड़ी मर्दानी वो तो झाँसी वाली रानी थी। रानी लक्ष्मीबाई के प्रसिद्ध नारे लगाए गए। जिसमें सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सराहनीय रही।

### तिलकेजा में अवैध 14 क्विंटल धान जप्त



**मड़वारानी।** मंडी सचिव नारायण पटेल एवं मंडी सबइंस्पेक्टर आकाश भारद्वाज और सब इंस्पेक्टर दिनेश कुमार एवं खाद्य निरीक्षक उर्मिला गुप्ता के संयुक्त दल द्वारा निरीक्षण के दौरान मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए ग्राम तिलकेजा में संतोष अग्रवाल के दुकान सह गोदाम में 37 बोरी कुल 14.60 क्विंटल अवैध धान भंडारण पाया गया। उक्त धान को मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर संबंधित व्यक्ति संतोष अग्रवाल को सुपुर्दगी दिया गया।

## निधन

### आकाश अग्रवाल



**कोरबा।** साडा कालोनी जमनीपाली निवासी मुरारी लाल अग्रवाल ठण्डूराम परिवार कादमा वाले के पुत्र आकाश अग्रवाल (पप्पू) 40 वर्ष की अल्पायु में मंगलवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे, उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र व एक पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार रोता-बिलखता छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को साडा कालोनी स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

### दिलीप भाई टांक



**कोरबा।** नगर के शारदा विहार निवासी दिलीप भाई टांक (72 वर्ष) का मंगलवार को निधन हो गया। वे नंदकिशोर भाई टांक एवं भूपेंद्र भाई टांक के भाई थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा 20 नवम्बर गुरुवार को सुबह 8 बजे निवास स्थान शारदा विहार वीनस स्कूल के पास से मोतीसागरपारा मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जेल के भीतर..

रहे और इसके अलावा नशे से दूर रहने के लिए उन्हें मेडिटेशन भी कराया जा रहा है। मौजूदा स्थिति में जिला जेल में कुल 204 कैदी बंद हैं जिनमें 195 पुरुष, 9 महिलाएं कैदी शामिल हैं। इन सभी कैदियों को जेल प्रबंधन योग और मेडिटेशन के माध्यम से मोटीवेट कर रहे हैं और जेल से बाहर आते ही मुख्यधारा में जुड़ने की सलाह दी जा रही है।

## कलेक्टर एवं डीएफओ कटघोरा ने पर्यटन स्थल का किया निरीक्षण

# झोराघाट सुसंरक्षित व आकर्षक इको-टूरिज्म स्थल के रूप में होगा विकसित : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत एवं वनमंडल अधिकारी कटघोरा कुमार निशांत ने कटघोरा वनमंडल अंतर्गत स्थित प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण पर्यटन स्थल झोराघाट में पर्यटन को बढ़ावा देने एवं स्थानीय विकास के उद्देश्य से विस्तृत निरीक्षण किया। अधिकारियों द्वारा झोराघाट के मनोहारी प्राकृतिक परिवेश, हसदेव नदी के तटीय क्षेत्र आस-पास के भू-भाग तथा मौजूदा सुविधाओं का अवलोकन कर भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की।

**खास बात**

- रिवर फ्रंट, वॉकवे, पैगोड़ा एवं बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों के लिए होंगे सुविधाएं



कलेक्टर ने झोराघाट पर्यटन स्थल का किया निरीक्षण।

कलेक्टर ने डीएफओ कटघोरा को झोराघाट में पर्यटन विकास के लिए डीएमएफ से विस्तृत परियोजना प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थल में हसदेव नदी के तट को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, बच्चों के लिए मनोरंजक झूले व खेल सामग्री स्थापित करने, युवाओं के लिए खुले में व्यायाम उपकरण तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए ध्यान व साधना स्थल सहित अन्य निर्माण कार्य सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पर्यटकों को प्रकृति के और अधिक निकट लाने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाने हेतु विशिष्ट गतिविधियां सम्मिलित करने की बात कही। कलेक्टर ने झोराघाट में बेहतर पर्यटन सुविधाओं के लिए रिवर फ्रंट, पैगोड़ा निर्माण, पर्यटकों के लिए स्वच्छ प्रसाधन, वॉच टावर, वॉक वे, विश्राम स्थल तथा अन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण सुनिश्चित करने निर्देशित किया। जिससे यह स्थल एक सुसंरक्षित और आकर्षक इको-टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित हो सके। कलेक्टर श्री वसंत ने स्थानीय उत्पादों की बिक्री, गाइड सेवा, वाहन संचालन व अन्य सहायक गतिविधियों को बढ़ावा देकर ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की बात कही।

**दिसम्बर तक पूर्ण करने के दिए निर्देश**

कलेक्टर अजीत वसंत ने झोराघाट में लोक निर्माण विभाग सेतु द्वारा निर्मित किए गए पुल का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य की जानकारी ली। उन्होंने पुल में निर्मित किए जा रहे एप्रोच रोड निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए दिसम्बर माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।



# पॉश कॉलोनी में आवारा मवेशी ने मचाया आतंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एमपी नगर में एक आवारा मवेशी ने उत्पात मचाना शुरू कर दिया, कई परिवार भयभीत हो गए। पिछले कुछ दिनों से आवारा मवेशी कॉलोनी में घूम रहा था और धीरे-धीरे उसका व्यवहार और उग्र होता जा रहा था। स्थिति यह हो गई थी कि वह राहगीरों से लेकर घर से बाहर निकलने वाले लोगों पर भी हमला कर रहा था। डर के कारण लोग अपने बच्चों को विद्यालय भेजने से भी कतराने लगे थे। आवारा मवेशी को कुछ दिन पहले एक कुत्ता ने काट लिया था, जिसके बाद वह रेबिज से संक्रमित हो गया। संक्रमण के चलते वह बेहद आक्रामक हो गया और लगातार लोगों तथा वाहनों पर हमला करने लगा। बताया जा रहा हैं कि बीते दिनों में उग्र आवारा मवेशी के हमले से करीब 12 वाहन चालक घायल हुए हैं। कॉलोनी वासियों ने इसकी सूचना निगम और वन विभाग को दी, परंतु काफी कोशिशों के बाद भी उसको काबू नहीं किया जा सका। उसकी स्थिति बिगड़ने पर छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसायटी के गौ-सेवकों को इस बाबत खबर दी गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर मशक्कत के बाद उग्र आवारा मवेशी को सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया और वाहन के जरिए उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इसके बाद कॉलोनी के लोगों ने राहत की सांस ली। शहर कुत्ते पागल हो चुके हैं, जिनसे रेबिज फैलने और हमले की आशंका बनी रहती है। नागरिकों का कहना है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए निगम और प्रशासन को गंभीरता से कदम उठाने होंगे। साथ ही अंचल के कई क्षेत्रों में अन्य आवारा मवेशी से भी दहशत व्याप्त हैं, खासकर पुराने कोरबा क्षेत्र में भी आवारा मवेशी व श्वान घूम रहे हैं, जिन्हे भी सुरक्षित स्थानों में पहुंचाने की जरूरत क्षेत्रवासियों द्वारा महसूस की जा रही हैं।

# 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में भाग लेने स्काउट गाइड दल हुआ रवाना



राष्ट्रीय जम्बूरी तथा डायमंड जुबली जम्बूरी में शामिल होने रवाना हुए सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी तथा डायमंड जुबली जम्बूरी में सम्मिलित होने के लिए जिले से 26 सदस्यीय दल रवाना हुआ है। 23 से 29 नवम्बर तक लखनऊ उत्तर प्रदेश में 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी तथा डायमंड जुबली जम्बूरी को आयोजन हो रहा है। जम्बूरी में देश- विदेश से स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स तथा लीडर्स की भागीदारी होगी। इस वृहद आयोजन में जिले से 26 सदस्यीय दल सम्मिलित होगा।

लखनऊ जाने से पूर्व भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राज्य मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा के मार्गदर्शन तथा राज्य सचिव जितेन्द्र कुमार साहू के दिशा निर्देश पर जम्बूरी पूर्वाभ्यास शिविर का आयोजन 18 से 21 नवम्बर तक किया गया है। पूर्वाभ्यास शिविर झांकी, अभनपुर स्थित राज्य प्रशिक्षण शिविर में आयोजित हो रहा है। जिले के दल में गाइड याशिका साहू, इप्शिता सिंह, रिया चन्द्रा, एस. देवी, झील मांझी, साक्षी, श्रृति देवांगन, निमिशा, रागनी कुर्रे, दीप्ति पटेल, अदिती सिंह, सरस्वती ध्रुव, स्काउट अनुराग, प्रभात, प्रिंस कंवर, अमित साव, पंकज कुमार जांगड़े, विद्याभूषण महंत, नीरज पटेल सहित प्रभारी के रूप भूपेन्द्र वर्मा, गनेशी सोनकर शामिल हो रहे हैं। सर्विस रोवर, रेंजर के रूप में पप्पू चन्द्रा, चेतन देवांगन, पलक पटेल, सुप्रिया साहू द्वारा सेवाएं दी जाएंगी। राज्य स्टॉफ में एएलटी लीडर एसआर अमित को सम्मिलित किया गया है। जम्बूरी के पूर्वाभ्यास शिविर में जिला संगठन आयुक्त (गाइड) उत्तरा मानिकपुरी द्वारा राज्य के दल को मार्च पास्ट के लिए तैयार किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ का दल एक साथ 21 नवम्बर को लखनऊ के लिए रवाना होगा। जिले के दल को रेलवे स्टेशन पर जिला संयुक्त सचिव रेखारानी लाल, रोवर लीडर राजीव साहू द्वारा रवानगी दी गई।

### छात्रों ने राष्ट्रीय खेल स्पर्धा में 14 पदक जीते

**कोरबा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला के छात्रों ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के लिए आयोजित चौथी ईएमआरएस राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया है। स्कूल के खिलाड़ियों ने 7 स्वर्ण, 6 रजत और 1 कांस्य के साथ 14 पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया है। विद्यालय की छात्रा अस्मिता ने तैराकी में 3 स्वर्ण पदक, रिया ने 2 स्वर्ण पदक 1 रजत पदक और आरुशी ने 1 स्वर्ण पदक प्राप्त किया। छात्र नरेश, नमन, घाशी और साहिल ने 1-1 रजत पदक प्राप्त किया। कक्षा 10वीं के छात्र नारद ने शतरंज में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए रजत पदक प्राप्त किया। साथ ही कक्षा 8वीं की छात्रा प्रज्ञा ज्योति ने लॉन टेनिस में कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विद्यालय से कुल 18 सदस्यीय दल ने भाग लिया और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाते हुए जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ असद अहमद ने सभी को बधाई देते हुए कहा ये उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, टीमवर्क, निरंतर अभ्यास का परिणाम है। विद्यालय के खेल शिक्षकों प्रशांत व निधि रावत का भी योगदान है। एकलव्य विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कलेक्टर अजीत वसंत व सचिव श्रीकांत कसेर ने शुभकामना देते हुए प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की मनाई गई 108वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व प्रधानमंत्री प्रियदर्शिनी स्व.श्रीमती इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम में आयोजित की गई। जहां सबसे पहले प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

**खास बात**

- जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम में आयोजित किया गया कार्यक्रम



इंदिरा गांधी की जयंती मनाते कांग्रेसी।

जिसके बाद स्व.इंदिरा के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी के दृढ़ निश्चय, साहसपूर्ण पहल और देशहित में सर्वोच्च त्याग एवं बलिदान के लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा। उनके द्वारा प्रारम्भ किया गया 20 सूत्रीय कार्यक्रम का मुख्य ध्येय गरीब वर्ग के लोगों के जीवन स्तर में सुधार अत्यंत जनहितकारी पहल साबित हुआ। श्री अग्रवाल ने कहा कि देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा न केवल भारतीय राजनाति पर बल्कि विश्व भर में अपना प्रभाव छोड़ गई और इसीलिए उन्हें आयरन लेडी के रूप में पहचान मिली थी। श्रीमती इंदिरा अपनी प्रतिभा, दृढ़ता, साहस के लिए हमेशा जानी जाती रहेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने कहा कि स्व.इंदिरा गांधी द्वारा देश की सर्वांगीण उन्नति, विकास, खुशहाली और देश की एकता एवं अखण्डता बनाए रखने के लिए उन आदर्शों की रक्षा के लिए तथा दुनिया में भारत को गौरवपूर्ण स्थान दिलाने के लिए अपनी पूरी शक्ति लगा दी। इन्हीं आदर्शों पर हमारे गणतंत्र की एकता एवं अखण्डता टिकी हुई है। पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि विश्व भर में लौह महिला कहलाई जाने वाली, दृढ निश्चय, साहस व अद्भुत क्षमता वाली, भारत की प्रथम व एक मात्र महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी की जयंती पर उन्हें शत शत नमन, अपनी प्रतिभा व राजनीतिक दृढ़ता के लिए विश्वराजनीति के इतिहास में इंदिरा जी का नाम सदैव याद रखा जाएगा। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस सचिव विकास सिंह, बीएन सिंह, श्यामसुंदर सोनी, निगम के नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गजानंद साहू, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, सेवादल प्रमुख प्रदीप पुरायणे, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सपना चौहान, पार्षद एवं अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नारायण कुर्रे, पार्षद रवि चंदेल, पूर्व पार्षद मनीष शर्मा, पालुराम साहू, अविनाश बंजारे, जवाहर निर्मलकर, एफ डी मानिकपुरी, महेन्द्र थवाईत ने भी प्रियदर्शनी स्व. इंदिरा गांधी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें नमन किया।

# खदान विस्तार के लिए महाप्रबंधक स्वयं पहुंचे मैदानी निरीक्षण पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल दीपका क्षेत्र में खदान विस्तार कार्य को गति देने के लिए कंपनी के अधिकारी लगातार फील्ड में सक्रिय हैं। सोमवार को इसी सिलसिले में दीपका क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार मिश्रा स्वयं हरदीबाजार एवं आसपास के क्षेत्रों में पहुंचे और जमीन तथा मकानों की नापी का निरीक्षण किया। विस्तार परियोजना से संबंधित सर्वे कार्य को गंभीरता से लेते हुए महाप्रबंधक ने मौके पर खड़े होकर पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया। अब तक लगभग 2 सौ से अधिक मकानों व भूखंडों का सर्वे किया जा चुका है। एसईसीएल के अधिकारियों का कहना है कि शेष प्रक्रिया भी जल्द पूरी कर ली जाएगी, ताकि आगामी कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए। महाप्रबंधक संजय कुमार मिश्रा ने सर्वे टीम के साथ हरदी बाजार में मौजूद रहकर मकानों की नाप-जोख सुनिश्चित करवाई। नापी पूरी होने के बाद उन्होंने व्यक्तिगत रूप से संबंधित दस्तावेज प्रभावित परिवारों को सौंपे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों एवं भू-स्थापितों से बातचीत करते हुए उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने। उन्होंने कहा कि खदान विस्तार परियोजना के दौरान पारदर्शिता और संवेदनशीलता सर्वोपरि रहेगी। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन और सहयोग से सर्वे तथा पुनर्वास संबंधी कार्य तेजी से आगे बढ़ाए जा रहे हैं।

# खेलो इंडिया अस्मिता पेंचाक सिलाट सिटी लीग का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केन्द्र सरकार खेल मंत्रालय एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के मार्गदर्शन में खेलो इंडिया अस्मिता पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट्स सिटी लीग का आयोजन कटघोरा केबीआर अंबेडकर कम्युनिटी हॉल में की गई प्रतियोगिता में जिले के 145 महिला खिलाड़ी कोच, रेफेरी शामिल हुए। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकुटधर पांडेय कॉलेज के एचओडी बीडी टंडन ने किया।

**खास बात**

- बांकीमोंगरा नपा अध्यक्ष ने खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत



कार्यक्रम में शामिल अतिथि एवं विजेता।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास कुमार झा के द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में एम रत्नाकर अध्यक्ष जिला पेंचाक सिलाट संघ, शेख समीर महासचिव छत्तीसगढ़ पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट्स संघ, श्रीमती ज्योति चोपड़ा विनायक पब्लिक स्कूल उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के संयोजक सुश्री प्रेरणा मुनी ने कहा कि यह प्रतियोगिता महिला मार्शल आर्ट खिलाड़ियों के लिए थी, जिसे खेलो इंडिया द्वारा आयोजित की गई हमारे चयनित खिलाड़ी आगामी खेलो इंडिया ईस्ट जोन प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में निर्णायक मंडल के सदस्य वरुण बाग, शेख अरबाज अली, राजू चौहान, सोनी कर्स, सुमन दुबे, आशीष अहिरवार, बी अलवेणी राव आदि का सहयोग रहा। सफल आयोजन के लिए पेंचाक सिलाट संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनीष बाग प्रदेश सचिव शेख समीर एवं कटघोरा शहर के गणमान्य नागरिक और खेल प्रेमियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# डीएवी कुसमुण्डा में स्थानीय सृजनोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीएवी पब्लिक स्कूल कुसमुण्डा में सृजनोत्सव इन्द्रधनुषी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में सचिन तानाजी पाटिल महाप्रबंधक एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा परियोजना एवं चेयरमेन स्थानीय विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति शामिल हुए। बच्चों में नवसृजन उन्मुखी प्रतिभा एवं कुशलता के समग्र विकास के लिए आयोजित इस महोत्सव में विभिन्न विषयों से सम्बधित प्रतिमूर्ति चित्र मॉडल, कार्टून



की प्रदर्शनी लगाई गई थी। भाषा विज्ञान से संबंधित कक्ष में सहजता से एवं मनोरंजक ढंग से व्याकरण से संबंधित अवधारणा जैसे- रस, मुहावरे, अलंकार, इत्यादि को प्रदर्शित किया गया था। आर्ट एवं क्राफ्ट से संबंधित कक्ष में लोक कला, चित्रकला, क्षेत्रीय चित्रकारी ड्राइंग के विविध आयाम प्रदर्शित किए गए। गणित को आसानी से सीखने के लिए पाइथोगोरस गोरस, बोडमास, थ्रीडी सेप एंगल इत्यादि को खेल-खेल में सीखने की पद्धति प्रदर्शित की गई। विज्ञान कक्ष में विज्ञान को आधुनिक जीवनशैली से जुडे.तथ्यों को सरलतम तरीके से प्रदर्शित किया गया जिसमें ब्लड डोनेसन, आईकम्पेन से संबंधित वर्किंग मॉडल प्रदर्शित किए गए थे। इस मौके पर भ्रूण हत्या, आई.वी.एम. की प्रकिया एवं वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का वर्किंग मॉडल प्रदर्शित किया गया। विद्यालय की उपलब्धियों एवं सतत विकास को प्रदर्शित करते हुए अनेकानेक घटनाओं की स्मृति को ताजा करते हुए फोटो गैलरी प्रदर्शित किया गया था। कार्यक्रम में अरविंद कुमार राय महाप्रबंधक (संचालक), श्रीमती उज्ज्वला पाटिल, अध्यक्षा ऊर्जा महिला समिति, श्रीमती सुजाता राय, श्रीमती सीमा सिंह, सविता पाण्डेय, टी.पी. राव, प्राचार्य डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल गेवरा, चन्द्र मोहन पाण्डेय, प्राचार्य डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल कुसमुण्डा सहित अन्य उपस्थित थे।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरुष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज

नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस, गनोरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यंत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

## खबर संक्षेप



### जिला रसायन क्लब ने पदोन्नत प्राचार्यों का किया सम्मान

**मड़वारानी।** जिला रसायन क्लब की ओर से जश्न रिसार्ट में नव पदोन्नत प्राचार्यों का सम्मान कार्यक्रम रखा गया। जिला अध्यक्ष भूपेंद्र राठौर के द्वारा जिला रसायन क्लब के सभी सम्मानित सदस्यों के साथ अतिथियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर क्लब की संरक्षक प्राचार्य डॉ फरहाना अली, अशोक पाटले, पी रत्नाकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित पदोन्नत प्राचार्य में प्रकाश वैष्णव, रामनाथ बघेल, श्रीमती ललिता साहू, श्रीमती मनीषा जैन एवं इंद्राणी शोम का सम्मान किया गया। इस कड़ी में संरक्षक प्राचार्यों के द्वारा शिक्षा एवं शिक्षक के बदलते परिवेश पर प्रकाश डाला गया। साथ ही कामना किया गया कि यह क्लब ऐसे ही संगठित होकर आगे नेक कार्य करते रहें। उपस्थित सभी प्राचार्यों के द्वारा नवपदोन्नत प्राचार्यों की उज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेल किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला रसायन क्लब के अध्यक्ष भूपेंद्र राठौर के द्वारा आभार प्रकट किया गया।

### ऑल इंडिया कराते चैंपियनशिप में जैन पब्लिक स्कूल के फाइटर दिखाएंगे अपना जौहर



**कोरबा।** ऑल इंडिया कराते चैंपियनशिप जो कि रायपुर के बलबीर सिंह जुनेजा इनडोर स्टेडियम में 19 एवं 20 नवंबर को आयोजित है। जिसमें कोरबा जिले से कुल 32 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जिसमें जैन पब्लिक स्कूल कोरबा से 4 कराते फाइटर का चयन हुआ। जिसमें सब जूनियर खिलाड़ी में एम डी फरहान रजा, अंश चंद्रा, समर्थ अग्रवाल, अरनव यादव का चयन हुआ। साथ ही कोच के रूप में व्यायाम शिक्षक अजीत कुमार शर्मा टीम के साथ रवाना हुए। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या स्मिता वि नायर, सिद्धार्थ राजवाड़े, स्कूल मैनेजमेंट तथा सभी शिक्षकगण ने खेल में अच्छा प्रदर्शन के लिए सभी खिलाड़ियों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

### साडा कन्या विद्यालय के सात दिवसीय विशेष ग्रामीण शिविर का शुभारंभ



**कोरबा।** शासकीय कन्या उच्च. माध्यमिक विद्यालय साडा की राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष ग्रामीण शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सविता पाठक तथा सह प्रभारी रेणुका लदेर के कुशल नेतृत्व में ग्राम दैहानभाठा (गोढ़ी) में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि वी.के. पाठक के प्रतिनिधि के रूप मे प्रशांत सिंह, साइबर सेल एक्सपर्ट उपस्थित हुए। उनके साथ डेमन ओगरे, साइबर टेक्निकल एक्सपर्ट, वार्ड क्रमांक 5 के पंच पदम सिंह चंदेल, ग्राम सचिव श्री सोनवानी, प्रधानपाठक ममता डहेरिया, सहायक शिक्षक शिव शंकर चौहान, स्वप्न डहरिया, उमा बाई, गायत्री सिदार, जानकी कर्ष आदि उपस्थित थे। डेमन डहरिया ने साइबर ठगी से बचने के लिए विभिन्न सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि यदि किसी के साथ साइबर क्राइम होता है तो इसकी सूचना हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल के द्वारा कर सकते हैं। सीईआईआर पोर्टल में मोबाइल गुम होने की सूचना दे सकते हैं। अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड करके महिलाओं के उत्पीड़न की सूचना दे सकते हैं।

### एआईआईएमएस की परीक्षा में विशाल को मिली सफलता

**कोरबा।** कुसमुंडा निवासी विशाल सिंह ने



एआईआईएमएस 2025 की परीक्षा में सफलता हासिल की है। इस परीक्षा में उन्होंने ऑल इंडिया 5417 रैंक हासिल किया है। विशाल ने इस सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। विशाल बचपन से ही मेधावी छात्र थे। पढ़ाई में विशाल की मां रंजू सिंह व पिता एवं बहनों का सहयोग रहा। विशाल के पिता राजदेव सिंह एसईसीएल कुसमुंडा में सावेल ऑपरेटर के पद पर कार्यरत हैं तथा विशाल की छोटी बहन डॉ रोनिका सिंह रीम्स रायपुर में पदस्थ हैं।

### पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त की जारी

**कोरबा।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किश्त के अंतर्गत देश के 9 करोड़ किसानों को 18 हजार करोड़ रुपये की सम्मान राशि का हस्तांतरण किया। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र कटघोरा, कोरबा में किया गया। यह आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र तथा कृषि विकास, किसान कल्याण एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग कोरबा के संयुक्त तत्वाधान में सम्पन्न हुआ।

## कोल इंडिया की पहली भूमिगत खदान जहां पेस्ट फिलिंग तकनीक से होगा कोयला उत्खनन

# सिंघाली भूमिगत खदान में कोयला खनन करने टीएमसी की मदद करेगी चीन की कंपनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की सिंघाली भूमिगत खदान से पेस्ट फिल तकनीक के माध्यम से कोयला खनन की शुरूआत कर दी गई है। एसईसीएल प्रबंधन ने टीएमसी मिनरल्स रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता किया है। जिसके तहत सिंघाली भूमिगत कोयला खदान से पेस्ट फिलिंग तकनीक के जरिए बड़े पैमाने पर कोयला उत्पादन किया जाएगा। दूसरी ओर टीएमसी मिनरल्स रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड ने कोयला खनन के लिए चीन की एक्ससीयूएमटी के साथ समझौता किया है। चीन की कंपनी के सहयोग से पेस्ट फिलिंग तकनीक के जरिए कोयला खनन किया जाएगा।

**खास बात**

- टीएमसी मिनरल्स रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड ने चीन की कंपनी एक्ससीयूएमटी से किया समझौता




एसईसीएल की सिंघाली भूमिगत खदान कोल इंडिया की पहली भूमिगत खदान है, जहां पेस्ट फिलिंग तकनीक के जरिए कोयला उत्खनन की जाएगी। सिंघाली भूमिगत खदान को वर्ष 1989 में 0.24 मिलियन टन प्रति वर्ष की उत्पादन क्षमता के लिए अनुमोदित किया गया था और इसका संचालन वर्ष 1993 में प्रारंभ हुआ। वर्तमान में इस खदान में लगभग 8.45 मिलियन टन जी-7 ग्रेड की नॉन-कोकिंग कोयले का रिज़र्व उपलब्ध है। एसईसीएल की टीएमसी मिनरल्स रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ हुए समझौते के तहत 25 वर्षों की अवधि में इस परियोजना के माध्यम से लगभग 84.5 लाख टन (8.4 मिलियन टन) कोयला उत्पादन किया जाएगा। यह समझौता 7 हजार 40 करोड़ रुपए की परियोजना के लिए हुआ है। टीएमसी मिनरल्स रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड प्रदेश की ही कंपनी है। इस कंपनी का कार्यालय रायगढ़ में तथा कारपोरेट ऑफिस रायपुर में स्थित है। सिंघाली भूमिगत खदान से कोयला खनन का कार्य टीएमसी मिनरल्स रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सीधे तौर पर नहीं किया जाएगा। टीएमसी मिनरल्स रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड ने काम के लिए पेस्ट फिल तकनीक में अग्रणी चीनी कंपनी एक्ससीयूएमटी के साथ समझौता किया है। इसमें सीआईएमएफआर, धनबाद और एनआईटी, रायपुर का सहयोग लिया जाएगा।

**टीएमसी के पास एसईसीएल की 7 यूजी खदानों का है ठेका**

टीएमसी मिनरल्स रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड के एसईसीएल की सात भूमिगत खदानों का ठेका है। इनमें सिंघाली, हल्दीबाड़ी, एनसीपीएच चिरमिरी, बरतराई जमुना कोतमा, साहपुर वेस्ट शहडोल, झिलमिली भूमिगत खदान शामिल है यानी इन खदानों को निजी कंपनी को संचालन के लिए सौंप दिया गया है।

**क्या है पेस्ट फिलिंग तकनीक**

पेस्ट फिलिंग एक नवीन भूमिगत खनन तकनीक है, जिसमें खदान से कोयला निकालने के पश्चात उत्पन्न रिक्त स्थान को विशेष पेस्ट से भरा जाता है। यह पेस्ट फ्लाई ऐश, ओपनकास्ट खदानों से प्राप्त क्रश्ड ओवरबर्डन, सीमेंट, पानी और आसंजक रसायनों से तैयार किया जाता है। इस तकनीक के प्रयोग से खनन उपरांत भूमि के धंसने (सबसिडेंस) का खतरा नहीं रहता और सतह की भूमि के अधिग्रहण की आवश्यकता भी नहीं पड़ती।

# जनरल स्टोर की सीट तोड़कर दुकान में रखे 25 हजार की चोरी



वह दुकान जहां हुई है चोरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रेंकी अंबेडकर चौक निवासी दीनबंधु पटेल उम्र 28 वर्ष पिता धरमू लाल पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह खुशबू जनरल स्टोर का संचालन करता है। मंगलवार की बीती रात अज्ञात चोरों के दीनबंधु के दुकान की सीट को तोड़कर अंदर घुसकर लगभग 25 हजार रुपए की चोरी कर ली गई है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चारों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर चोरों की पतासाजी में जुट गया है।

उल्लेखनीय है कि हरदीबाजार निवासी दीनबंधु बुधवार की सुबह अपने दुकान पहुंचा तो देखा की दुकान के ऊपर सीट टूटा हुआ है, जिसकी एहसास हुआ कि उसके दुकान में चोरी हुई है। दुकान में जांच पड़ताल किया तो उसके गुल्लक में रखे 25 हजार रुपए को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ले गये हैं। घटना की सूचना दीनबंधु ने हरदीबाजार थाना में दी। जिसके बाद हरदीबाजार पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तहकीकात किया और मामला पंजीबद्ध कर अज्ञात चोरों की पतासाजी में जुट गई है। बताया जाता है कि हरदीबाजार रेकी अंबेडकर चौक मुख्य मार्ग है जहां लोगों का आना जाना हमेशा रहता है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस तरह से चोरों का हौसला बुलंद है। दो माह पूर्व ही किशन ट्रेडर्स में सेंधमारी कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस मामले में भी पुलिस को अब तक अज्ञात चोरों के खिलाफ कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

# एनएच ने शुरू किया गोपालपुर कटघोरा जर्जर सड़क मरम्मत और चौड़ीकरण का काम



मरम्मत कार्य करते जेसीबी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गोपालपुर से कटघोरा तक जाने वाले एनएच पीडब्ल्यूडी सड़क के बारिश में भारी वाहनों के आवागमन से जर्जर होने से लगातार बड़ी गाड़ियों के फंसने से वाहनों का लंबा जाम लग रहा था। मरम्मत के इंतजार में आवागमन करने वाले वाहनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बारिश समाप्त होने के एक महीने बाद एनएच ने मरम्मत और चौड़ीकरण का काम शुरु किया है। जनहित से जुड़ी इस समस्या को हरिभूमि ने अपने 12 नवंबर के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

**खास बात**

- बारिश में जर्जर सड़क पर भारी वाहनों के आवागमन से बार बार लग रहा था जाम

कोरबा शहर से दर्री होते हुए कटघोरा क्षेत्र जाने वाली एनएच पीडब्ल्यूडी की सड़क प्रमुख है। उक्त सड़क से यात्री वाहनों के अलावा व्यापारिक और औद्योगिक क्षेत्र के भारी वाहन के अलावा निजी गाड़ियों का आवागमन लगातार होता है। एक ही सड़क होने के कारण वाहनों के दबाव के कारण भी सड़क के चौड़ीकरण को लेकर लगातार आवाजें उठती रही। इधर बारिश के मौसम में वाहनों के दबाव से गोपालपुर से लेकर कटघोरा तक की ये सड़क जर्जर हो गई थी। स्थिति यह हो गई थी कि किसी भारी वाहन के फंसने पर दोनो ओर गाड़ियों का लंबा जाम लग जाता था। लोग घंटों जाम में फंसे रहते थे। सड़क के मरम्मत को लेकर आम जनता सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस मुद्दे को प्रशासन के समक्ष रखा था किंतु उसके बावजूद सड़क के मरम्मत को लेकर एनएच पीडब्ल्यूडी के द्वारा गंभीरता नहीं दिखाई गई। यहां तक की बारिश समाप्त होने के बाद भी लगभग एक महीने लोग इसी जर्जर सड़क से गुजरते रहे और सड़क में उठने वाले धूल के गुबार के बीच सफर तय करते रहे। इससे छोटे वाहन मालिकों को ज्यादा परेशानियां उठानी पड़ी। जनसमस्या के इस मुद्दे को हरिभूमि ने अपने 12 नवंबर के अंक में प्रमुखता से उठाया था। खबर प्रकाशन को गंभीरता से लेते हुए आखिरकार एनएच ने गोपालपुर कटघोरा सड़क के डामरीकरण और चौड़ीकरण का कार्य प्रमुखता से शुरु किया है।

**स्थानीय सड़कों की भी हालत खराब**



शहर को उपनगरीय क्षेत्रों से जोड़ने वाली कुछ प्रमुख सड़कों की हालत बारिश के कारण जर्जर हो चली है। इन सड़कों में बड़े बड़े गड्ढे बनने के कारण आवागमन मुश्किल हो रहा है। इन गड्ढों को जिला प्रशासन ने मुरुम से भरने का काम बालको क्षेत्र से शुरु किया है। उक्त काम भी अभी 200 से 300 मीटर हुआ है। इसी तरह आईटीआई क्षेत्र को दर्री क्षेत्र से जोड़ने के लिए ढेंगुरनाला मानसनगर बाईपास का निर्माण शुरु किया गया था जो आज तक अधूरा पड़ा हुआ है। सीएसईबी के द्वारा मानस नगर से लेकर पथर्रीपारा बस्ती की सड़क तक काम पूरा कर दिया गया है। वहीं उसके आगे ढेंगुरनाला की सड़क अभी भी अधूरी पड़ी हुई है। इस सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे होने से बारिश में लोगों का गुजरना बंद हो गया था और वर्तमान में गड्ढों में से ही गुजरना पड़ रहा है।

# किसानों के समक्ष वनभूमि का पंजीयन नहीं होने की खड़ी हुई समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान खरीदी के लिए किसानों को एग्रोटेक में पंजीयन कराना टेढ़ी खीर हो गया है। कई किसान ऐसे हैं जिनके पास निजी काश्तकारी भूमि होने के अलावा वनभूमि का अधिकार पत्र मिला था उनका निजी भूमि का ही पंजीयन हो रहा है। वन अधिकार पत्र वाली भूमि के पंजीयन से उन्हें वंचित होना पड़ रहा है। ऐसे मामले भी सामने आए हैं।

**खास बातें**

- एग्रोटेक पोर्टल में केवल एक जमीन का ही हुआ है पंजीयन
- उक्त जमीनों की फसल की नहीं हो सकती खरीदी

धान खरीदी के लिए राज्य शासन के द्वारा जारी एक के बाद एक नियम ने किसानों को हलाकान कर दिया है। कभी एग्रोटेक पोर्टल में भूमि का दस्तावेज पंजीयन अनिवार्य किया गया उसके बाद समिति में पंजीयन की कार्यवाही होने के निर्देश दिए गए परिणाम स्वरुप किसानों को अपनी सभी भूमि के खसरे का पंजीयन कराना पड़ा। पहले निर्देश ये था कि एक जमीन का पंजीयन कराने के बाद समिति में पंजीयन हो जाएगा लेकिन दोबारा निर्देश आया कि जितने खसरे नंबर की जमीन में फसल बोई गई है उक्त सभी खसरे नंबर का एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन कराना होगा। इससे किसानों को फिर से एग्रोटेक के पंजीयन की प्रक्रिया शुरु करनी पड़ी। हालांकि शासन ने समिति में सुधार की सुविधा तो जरुर दी लेकिन समिति कर्मचारियों की हड़ताल से एक पखवाड़े तक किसी तरह के रिकार्ड सुधार कार्य नहीं हुआ जबकि इसके लिए 30 नवंबर तक अंतिम तिथि तय की गई है। इन तकनीकी दिक्कतों के अलावा किसानों के समक्ष दूसरी बड़ी समस्या वन अधिकार पत्र भूमि के पंजीयन नहीं होने की समस्या सामने आयी। इस संबंध में बताया जाता है कि जिन किसानों के पास अपनी स्वयं की काश्तकारी निजी भूमि है और उन्हें अगर वन अधिकार पत्र भी दिया गया है तो उन किसानों की निजी काश्तकारी भूमि का ही पंजीयन हो रहा है। वन अधिकार पत्र वाली भूमि का पंजीयन नहीं किया जा रहा है। इस मामले को भी किसानों ने स्थानीय अधिकारियों के सामने रखा है।

**कम रकबा और कम खरीदी**

किसानों के बीच शासन की लगातार जारी हो रही नीतियों को लेकर यह चर्चा आम हो चली है कि एक तरफ सरकार गिरदावरी कराकर पहले ही बोनी रकबा कम कर दी है उसके बाद एग्रोटेक पोर्टल कीं पंजीयन प्रक्रिया को अनिवार्य करने के बाद समिति के पंजीयन को मान्य किया जा रहा है। इससे ऐसा लग रहा है कि सरकार बोनी रकबा को कम करने के साथ धान की कम खरीदी करने की योजना तैयार कर रही है।

### कैंटीन से एसी की चोरी मामला दर्ज

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा परियोजना में पदस्थ सुरक्षा अधिकारी ने दीपका थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि गेवरा परियोजना के कैंन्टीन में लगा हुआ 4 सेट एसी, 8 नग सिलिंग फैन व 3 नग एक्जाट्स फैन को अज्ञात चोरों ने विगत दिनों चोरी कर ली है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। चोरी गई सामानों की कुल कीमत लगभग 1 लाख 61 हजार रुपए बतायी जा रही है।

# फेडरेशन की बैठक में विभागीय समस्याओं के समाधान पर उठे कई सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन राज्य के लगभग 120 से अधिक पंजीकृत या मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों का नेतृत्व करने वाला प्रतिनिधि संगठन है जो सदैव कर्मचारी अधिकारी हितों के संरक्षण एवं विभिन्न मांगों की प्रतिपूर्ति हेतु सतत प्रयत्न रत है। 18 नवंबर को छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला इकाई कोरबा का बैठक कर्मचारी भवन अंधरीकछार में विभिन्न विभागों के संगठन प्रमुखों की उपस्थिति मे कर्मचारी हितों के मुद्दों को लेकर संपन्न हुई। बैठक में पिछले दिनों करतला रेंज अंतर्गत रामपुर बीट के वन कर्मचारियों के साथ लकड़ी तस्करों द्वारा किए गए दुर्व्यवहार एवं मारपीट को दुर्भाग्य जनक एवं असंवेदनशील मानते हुए छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन कोरबा ऐसे घटनाक्रम का घोर निंदा करता है और अंजाम देने वाले लोगों के खिलाफ तत्काल पुलिस गिरफ्तारी की मांग करता है छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन कोरबा पीड़ित वन कर्मचारियों के साथ है।बैठक मे उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि कोरबा जिले के कई विभागों मे कर्मचारियों के समस्याओं के समाधान को लेकर पिछले कई वर्षों से विभागीय परामर्शदात्री समिति बैठक का आयोजन नही होने से परेशानियों से जूझ रहे कर्मचारी हताशा मे है स्कूल शिक्षा विभाग मे गैर, अनैतिक एवं मनमानी कार्य लगातार जारी है।

## एसपी व डीएफओ के नाम सौंपा गया ज्ञापन

# तस्करों की नहीं हुई गिरफ्तारी, वन कर्मियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विगत दिनों करतला रेंज में लकड़ी तस्करों को पकड़ने गई वन अमला की टीम को तस्करों ने दौड़ा दौड़ाकर पीटा था। तीन दिन बीत जाने के बाद भी अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पायी है। जल्द ही गिरफ्तारी नहीं हुई तो वन कर्मियों ने हड़ताल की चेतावनी दी है और एसपी व डीएफओ के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा गया है। ज्ञात रहे कि कोरबा वन मंडल के करतला रेंज में हाथी निगरानी कर रहे वन विभाग के कर्मचारियों को विगत दिनों देर रात को सूचना मिली थी कि जोगीपाली गांव में कुछ ग्रामीणों द्वारा सराई पेड़ काटकर तस्करी की जा रही है। जब वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी तो तस्करों ने वन कर्मियों को जमकर धुनाई की थी। इस मामले में लकड़ी तस्करी कर वन कर्मचारियों के साथ मारपीट करने वाले मनाराम पटेल, अंकुश पटेल, चंद्रशेखर पटेल, प्रमोद पटेल, बंधूराम पटेल, शिवप्रसाद पटेल, गनपत पटेल, मनोज पटेल, संजय पटेल, महेन्द्र उर्फ भोला सहित अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस ने बीएनएस की धारा 221, 132, 121, 191 (2), 296, 351 (3), 304(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी गिरफ्तारी नहीं हो पायी है। मंगलवार को इस पूरे मामले को लेकर वन कर्मचारी संघ ने पुलिस अधीक्षक व कोरबा डीएफओ के नाम ज्ञापन सौंपा है और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी है।

**खास बात**

- विगत दिनों करतला रेंज के ग्राम जोगीपाली में हुई थी घटना



ज्ञापन सौंपने के दौरान वनकर्मी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

